कार्यालय– वन प्रमंडल पदाधिकारी, चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल, चतरा ।
वन भवन, चतरा – 825401 (झारखण्ड)
झारखण्ड सरकार Ph. & Fax (o) - 06541- 222303 E-mail:- dfochatrasouth@gmail.com

पत्रांक 474 दिनांक 13.02.2018

सेवा में,

श्री राकेश कुमार, मैनेजर कंस्ट्रक्शन,
पाँचवा तल्ला, नार्थ विंग, इस्टर्न ब्लॉक,
मेकन हेड ऑफिस कम्प्लेक्स, डोरण्डा, राँची।

विषय– जगदीशपुर–हल्दिया–बोकारो–धरमा पाईप लाईन हेतु चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के क्षेत्र से गुजरने वाले गैस पाईप लाईन रकबा 5.49 हे0 वन भूमि के अपयोजन के संबंध में समर्पित ऑनलाईन प्रस्ताव के संबंध में।

प्रसंग– आपका पत्रांक GAIL/RANCHI/JHBDPL/CHATRA SOUTH/Forest/2017/001 दिनांक 26.12.2017

महाशय,

उपर्युक्त प्रसंगाधीन विषयक सूचित करना है कि चतरा दक्षिणी वन प्रमंडल के क्षेत्र से गुजरने वाले गैस पाईप लाईन बिछाने हेतु 5.49 हे0 वन भूमि के अपयोजन प्रस्ताव की नौ प्रति हार्ड कॉपी में इस कार्यालय को सभी अनुलग्नकों के साथ प्राप्त हुआ है। ऑफलाईन प्रस्ताव के अवलोकन के उपरांत कई विसंगतियाँ पाई गई जो इस कार्यालय के पत्रांक 216 दिनांक 19.01.2018 द्वारा आपको ईमेल द्वारा भेजी गई थी। साथ ही साथ दिनांक 24.01.2018 को इस विसंगति को दूर करने के संबंध में बैठक आयोजित करते हुए आपको सूचित किया गया था, लेकिन निर्धारित तिथि को आप या आपके प्रतिनिधि बैठक में भाग नहीं लिये तथा ऑफलाईन पृच्छा का निराकरण अब तक अप्राप्त है।

ऑनलाईन प्रस्ताव पूर्व में पोर्टल पर दिख नहीं रहा था। समप्रति प्रस्ताव पोर्टल पर दिख रहा है जिसके अवलोकन के पश्चात कुछ त्रुटियाँ पाई गई है जो निम्नवत है–

1. प्रस्ताव के कंडिका C-(ii)(b) जिसमें प्रस्तावित 6 अपयोजित होनेवाले वन भूमि का KML File अपलोड किया गया है जिसमें कान्हाखूर्द मौजा चतरा उत्तरी वन प्रमंडल से संबंधित है इसे हटाया जाए एवं टोनाटांड़ मौजा जो इस प्रमंडल के क्षेत्राधीन है जिसका KML File दो बार अपलोड कर दिया गया है इसमें से एक हटाया जाए तथा जुगुडीह मौजा का KML File अपलोड नहीं किया गया है उसे अपलोड किया जाए ।
2. प्रस्ताव के कंडिका C-(iv) जिसमें पितीज मौजा के वन भूमि का Geo-reference Map Total Station के साथ अपलोड किया गया है। नक्शा के अवलोकन से विदित होता है कि प्लौट नं0 2525 में लगभग 11 चेन वन भूमि को गैर वन भूमि मानते हुए नक्शा तैयार किया गया है। इसे संशोधित कर अपलोड किया जाए। यह पृच्छा पूर्व में ऑफलाईन प्रस्ताव में भी किया जा चुका है।

विश्वासभाजन,
13.02.18
वन प्रमंडल पदाधिकारी
वन प्रमण्डल पदाधिकारी
चतरा दक्षिणी वन प्रमण्डल